हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १४६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २६ नवंबर २०२३ दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी


## सिलक्यारा सुरंग हादसा! टनल एक्सपर्ट ने कहा सुरंग से 1 महीने में बाहर आएंगे मजदूर

सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने में कोई जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए– सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स



प्रखर उत्तरकाशी/एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स ने शनिवार को कहा कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने में कोई जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए. उनसे जब यह पूछा गया कि बचाव अभियान कब खत्म होगा, तो उन्होंने कहा कि अब से एक महीने तक कुछ समय और 41 लोग अपने घर सुरक्षित पहुंच जाएंगे. हालांकि, अर्नोल्ड ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में तय समय सीमा बताने से इनकार कर दिया. सिल्कयारा सुरंग में फंसे मजूदरों के बचाव अभियान को लेकर अर्नोल्ड डिक्स ने कहा, "इसका मतलब है कि अब से एक महीने तक कुछ समय और लग सकता है. मुझे बिल्कुल नहीं पता कि ये कब तक होगा. मेरा मतलब है कि हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए. हमें सबसे महत्वपूर्ण बात पर विचार करना चाहिए और वह यह है कि सभी सुरक्षित घर आएं। उन्होंने आगे कहा, "लेकिन, मुझे विश्वास है कि वे क्रिसमस के लिए समय पर घर पहुंच जाएंगे३ शुरुआत में, मैंने कभी वादा नहीं किया था कि यह जल्दी होगा, मैंने कभी वादा नहीं किया था कि यह आसान होगा, मैंने कभी नहीं कहा कि यह कल होगा, मैंने कभी नहीं कहा कि यह आज रात होगा३ लेकिन वे सुरक्षित रहेंगे." चारधाम यात्रा मार्ग पर बन रही सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था, जिससे उसमें काम कर रहे 41 श्रमिक फंस गए थे. तब से विभिन्न एजेंसियां उन्हें बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रही हैं. श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग के ढहे हिस्से में की जा रही 'ड्रिलिंग' शुक्रवार रात पुनरू रोकनी पड़ी थी. शुक्रवार को कुछ देर की 'ड्रिलिंग' से पहले 800 मिलीमीटर चौड़े इस्पात के पाइप का 46.8 मीटर हिस्सा ड्रिल किए गए मार्ग में धकेल दिया गया था. सुरंग के ढहे हिस्से की लंबाई करीब 60 मीटर है.

## गजब! बुर्ज खलीफा से डबल ऊंचा पहाड़, वो भी समुद्र के नीचे



प्रखर एजेंसी। दक्षिण अमरीकी देश ग्वाटेमाला के तट पर पानी के नीचे एक विशाल पर्वत की खोज की गई है। यह खोज समुद्र तल की मैपिंग कर रहे वैज्ञानिकों ने की है। जानकारी के अनुसार इस पर्वत की ऊंचाई 5,249 फीट से अधिक है। दुबई की बुर्ज खलीफा इमारत की ऊंचाई 2 हजार 722 फीट है। वहीं यह विशाल पर्वत सतह से 7 हजार 874 फीट नीचे है। इस पर्वत की खोज श्मिट ओपन इंस्टीटयूट के शोधकर्ताओं ने की है।

श्मिट ओशन इंस्टीट्यूट के सह–संस्थापक और अध्यक्ष वेंडी श्मिट ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक अभियान पर फॉकर पर सवार लोगों को अप्रत्याशित और विस्मयकारी चीजें मिली है। जबकि खोजों के तेजी से सामने आने से हमें बहुत कुछ समझ में आ गया है, हमारे महासागर में बहुत कुछ अज्ञात बना हुआ है और हम खोज जारी रखने के लिए रोमांचित हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि इतनी बड़ी खोज यह दर्शाती है कि हम समुद्र के कितने हिस्से के बारे में नहीं जानते हैं। एसओआई की कार्यकारी निदेशक डॉ. ज्योतिका विरमानी ने कहा 1.5 किलोमीटर से अधिक ऊंची एक समुद्री पहाड़ी जो अब तक लहरों के नीचे छिपी हुई है वास्तव में इस बात पर प्रकाश डालती है कि हमें अभी भी कितना कुछ खोजना बाकी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पर्वत 14 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करता है। उन्होंने समुद्र तल का रंगीन मैप बनाने के लिए मल्टीबीम इकोसाउंडर नामक एक उपकरण का उपयोग किया। सीमाउंट फॉकलोर जहाज की नौवीं समुद्री सतह की खोज है जो मार्च में अपने मिशन पर लॉन्च हुआ था।

## पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल के बंगले पर फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का दावा



गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित बंगले पर फायरिंग

प्रखर एजेंसी। पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गिप्पी ग्रेवाल के बंगले पर फायरिंग हुई है। वहीं, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल के बंगले पर फायरिंग का दावा किया है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस फायरिंग का दावा किया गया है। बता दें कि गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित बंगले पर फायरिंग की गई है। हालांकि इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, अभी तक इस पर पंजाबी सिंगर की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया गया, जिसमें सलमान खान और सिद्धू मूसेवाला का भी जिक्र है। बता दें कि लॉरेंस गैंग की तरफ से फेसबुक पोस्ट में दावा करते हुए लिखा गया कि हां जी सत श्री अकाल राम राम सबनू, आज वैंकुवर के व्हाइट रोक एरिया में गिप्पी ग्रेवाल के बंगले पर लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने फायरिंग करवाई है। सलमान खान को बहुत भाई–भाई करता फिरता है, अपने उस भाई को बोल तुझे बचाए, तुझे जो वहम है कि दाउद तेरी मदद करेगा, लेकिन कोई तुझे नहीं बचा सकता हमसे। इतना ही नहीं इस पोस्ट में आगे लिखा गया कि सिद्धू मूसेवाला के मरने पर तूने बहुत ओवरएक्टिंग की, तुझे पता था कि इसके कितने क्रिमिनल बंदों से संपर्क थे, जब तक विक्की मिद्दूखेड़ा जिंदा था, तू आगे पीछे लगा फिरता था, लेकिन सिद्धू का ज्यादा दुख हो गया तुझे, तू भी रडार पर आ गया है, अब तुझे पता चलेगा धक्का लगना किसे कहते हैं, ये ट्रेलर तूने देखा है और अभी फिल्म रिलीज होनी बाकी है, तैयार रह। किसी भी देश में रह लेना, मौत को वीजा नहीं लेना पड़ता, जहां आने होती है, आ जाती है।

## साबरमती एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत



प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। क्षेत्र के कासिमपुर समीप रेलवे पटरी को पार करते समय साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल में जुटी। जानकारी के अनुसार कासिमपुर वार्ड नंबर 7 निवासी एजाज 32 वर्ष सुबह 10 बजे किसी काम के लिए घर से निकला था। उसी दौरान रेलवे पटरी पार करने लगा जैसे आउटर के पास पहुंच अचानक गिर पड़ा वही शाहगंज से जौनपुर जा रही साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि एजाज मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था।

## कोच्चि की यूनिवर्सिटी में संगीत समारोह के दौरान मची भगदड़, चार छात्रों की मौत, कई घायल



प्रखर एजेंसी। शनिवार शाम को कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) में एक टेक फेस्ट के दौरान भगदड़ में चार लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 45 छात्रों को चोट आई और उन्हें कलामासेरी के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। दो छात्रों की हालत गंभीर है। बता दें कि यह घटना तब हुई जब यहां ओपन–एयर ऑडिटोरियम में निखिता गांधी का संगीत कार्यक्रम चल रहा था। कथित तौर पर भगदड़ तब मची जब अचानक भारी बारिश के बाद छात्र संगीत हॉल के अंदर भाग गए। इसके अलावा, बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में कई कॉलेजों के छात्र भी शामिल हुए थे। मृतकों की पहचान अभी तक सामने नहीं आ सकी है। यहां पर 'ढिश्ना' नामक वार्षिक टेक उत्सव की मेजबानी की जा रही थी। जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे की है। कार्यक्रम शुरू होने के बाद जब बारिश होने लगी तो इसे सुन रहे लोग सभागार की ओर दौड़ पड़े, जिसकी वजह से भगदड़ मचने से यह दर्दनाक हादसा हो गया।

## सीएम योगी उद्यमी महासम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



वाराणसी के 50 उद्यमी होंगे शामिल

प्रखर एजेंसी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से 30 नवंबर को लखनऊ में उद्यमी महासम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। विभूति खंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्यमी महासम्मेलन में ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई 4.0 पर चर्चा होगी। उद्यमियों को उद्योग की स्थापना व संचालन में आ रही समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। वाराणसी के 50 से ज्यादा उद्यमी सम्मेलन में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन व निवेश प्रोत्साहन विभाग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम खादी ग्रामोद्योग उद्योग मंत्री राकेश सचान होंगे। शनिवार को मलदहिया स्थित विनायक प्लाजा में आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने महासम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने बताया कि एक से तीन दिसंबर तक लखनऊ में ही आईआईए भवन में इंडिया फूड एक्स्पो का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता करेंगे। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडिया फूड एक्सपो का यह 9वां संस्करण है। इस वर्ष पहली बार पांच देशों चीन, वियतनाम, युगांडा, उज्बेकिस्तान व रवांडा द्वारा एक्सपो में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित स्टाल लगाएंगे। वियतनाम इंडिया फूड एक्सपो के लिए कंट्री पार्टनर भी है। इसके अलावा देशभर की लगभग 70 नामी कंपनियां अपने उत्पादों, मशीनरी व टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन करेंगी। एक्सपो के दौरान प्रदर्शनी स्थल पर ही 2 दिसंबर को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री राष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया गया है, जिसमें देश के जाने–माने विशेषज्ञ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने, खाद्य उद्योगों के लिए मशीनरी, उपकरण व अन्य सामान आयात करने, खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात व खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए फ्रेंचाइजी लेनदेन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराएंगे। बैठक में आईआईए फूड कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन दीपक बजाज, राष्ट्रीय सचिव राजेश भाटिया, अनुपम देव, प्रशांत अग्रवाल, टूरिज्म कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल मेहता, नीरज पारीक, ओपी बदलानी आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल के दौरान पेशाब करने के बहाने आरोपी फरार, आरक्षी निलंबित



प्रखर जौनपुर। थाना तेजीबाजार के वारांटी नोखाई बिन्द पुत्र रामदुलार बिन्द उम्र 65 वर्ष सीएचसी नौपेड़वा से मेडिकल के दौरान पेशाब करने के बहाने से आरक्षी की अभिरक्षा से फरार हो गए। कांस्टेबल पवन पाण्डेय की तहरीर पर थाना बक्सा पर नोखई बिन्द के विरुध्द मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लापरवाही के आरोप में कांस्टेबल पवन पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने निलम्बित कर दिया है। पीआरडी राकेश कुमार के विरुध्द रिपोर्ट पीआरडी विभाग को प्रेषित किया गया है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी एसपी उपाध्याय ने बताया कि न्यायलय जेएम फस्ट से अभियुक्त नोखई का एमडब्लू प्राप्त हुआ था जिसके तामीला में 24 नवंबर को उप निरीक्षक उमाशंकर मय फोर्स के साथ गएं ग्राम बदौली और वहां नोखई बिंद पुत्र रामदुलार उम्र 65 वर्ष को हिरासत में लिया। हिरासत में लाकर दिन में करीब 2 बजे कांस्टेबल पवन पांडेय और राकेश के साथ उसे न्यायलय रवाना करते हुए यह हिदायत दी गई कि सीएससी नौपेड़वा में उसका मेडिकल करवाते हुए उसे न्यायलय में प्रस्तुत करें। इस दौरान आरक्षी और पीआडी जवान उसे नौपड़वा सीएससी पहुंचें। जिसके बाद पीआरडी का जवान पेपर लेकर अंदर डॉक्टर के पास चला गया और अराक्षी की अभिरक्षा से नोखई फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी अभियुक्त नहीं मिला। आरक्षी पवन पांडेय की तहरीर पर थाना बक्शा में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसकी सूचना पर लापरवाही के आरोप में आरक्षी पवन पांडेय को एसपी अजय पाल शर्मा ने निलंबित कर दिया गया है।

## शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगसर थाना क्षेत्र के अवंति बाजार में शनिवार को लगभग 10 बजे के करीब सत्येन्द्र कुशवाहा के जनरल स्टोर की दुकान में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गया जब तक लोग जान पाते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। सत्येन्द्र ने बताया कि आग लगने की सूचना हमको फोन से मिली शटर बन्द था शार्टसर्किट की वजह से आग लगी है जिससे हमारा लगभग 3 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को शटर बन्द दुकान से धुंआ देखकर लोगों में अफरातफरी मच गया और दुकानदार को बुलाकर शटर खोला गया तबतक सब समान जलकर खाक हो गया था। सूचना मिलते ही मौके पर लेखपाल आशुतोष पहुंचकर मौका मुआयना किए।

# चीन की नई बीमारी क्या फिर पड़ेगी दुनिया को भारी? –ऋतुपर्ण दवे

एक बार फिर पूरी दुनिया चीन में बच्चों में फैली रहस्मय बीमारीको लेकर बेहद खौफजदा है। ढ़ीठचीन पहले की तरह ऐंठा हुआ है कि किसी नई बीमारी के संकेत वहां नहीं मिले हैं। जो हैं सभीपहले से मालूम बैक्टीरिया–वायरसहैं जो बच्चों में फैल रहे हैं।इधर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)ने जब रहस्यमयी बीमारी के बारे में पूछताछ की उसने बताया कि कुछ भी असामान्य नहीं है। यहसाधारण बीमारी है। लेकिन उसकी चालबाजी यहीं समझ आती है कि जब बीमारी सामान्य है तो फिर क्यों विशेषज्ञ इसकी वजह कोविड पाबंदियों को हटाना, इन्फ्लूएंजा, बच्चों में एक आम जीवाणु संक्रमणयानी माइकोप्लाज्मा निमोनिया और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस यानी आरएसवी को बताते हैं?कहीं चीन बीमारी की सच्चाई जानकर भी दुनिया को दोबारा धोखा देने की फिराक में तो नहीं?क्यों विश्व स्वास्थ्य संगठन भी लोगों से अपील कर रहा है कि साफ–सफाई का ध्यान रखेंऔर श्वांस संबंधी किसी भी लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से मिलें! इधर पड़ोसीनेपाल ने न केवल अलर्ट जारी किया बल्किबीमारी की जानकारी न देने पर चीन से नाराजगी भी जताई है। कोविड–19 सरीखे लक्षणों वाली नई बीमारी के चीन में जितनेभी टेस्ट हुए हैंउनमें चीन ने कोरोना को खारिज किया गया है। लेकिनक्यों विशेषज्ञ इतने दिनों के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? बीमारी कैसे फैल रही है?पिछले दो–तीन बरसों में ऐसी क्यों नहीं फैली?इसे लेकर चीन खामोश है। इसी13 नवंबर कोउसके राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया था कि वहां एक नया संक्रमणतेज फैल रहा है। बच्चे ज्यादा चपेट में आ रहे हैं। उत्तरी भागों में पिछले तीन बरसोंके मुकाबले इस अक्टूबर मध्य से एकाएक फैलतेजी से पैर पसारा। इंफ्लूंएंजा अमूमन जल्द काबू आता है। अभी जब नहीं आया तब 21 नवंबर को तबसार्वजनिक रोग निगरानी प्रणाली (प्रोमेड) ने उत्तरी चीन में रहस्यमय न्यूमोनिया जैसी बीमारी सार्वजनिक की।देखते–देखतेअस्पतालमरीजोंऐसे भरने लगे जो रुकने का नाम ही ले रहे। यहीं से चिंता और चीन के पुराने झूठ और दोगलेबाजी पर ध्यान जाने लगा?इधर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीन को चेताया कि बीमारी के जोखिम को कम करने खातिर टीकाकरणऔर मरीजों सेजरूरी दूरी बनाकर क्वारांटाइन करें और ऐतिहातन जांच कराएं। मास्क पहनने और नियमित रूप से हाथ धोने जैसी बातों का पालनहो।

भारत सतर्क है लेकिन ज्यादा कुछ कहने से गुरेज कर रहाहै। यह संक्रमण महामारी बनेगा या नहीं?यह भविष्य के गर्त में है। यह सही है कि पिछले दो–तीन माहोंसे भारत में बुखार का एक अजीब दौर दिख रहा है। जिसमें मरीज को पूरी तरह से ठीक होने में 10 से 15 दिन लगते हैं। ऊपर से पूरा शरीर टूटता है तथा जबरदस्त कमजोरी के साथ खांसी की शिकायत भी रहती है। चीन का रहस्यमय इन्फ्लूएंजा भीदूसरे लक्षणों कोजोड़ तेज बुखार और प्रभावितों कीसांस पर कोरोना सरीखे भारी पड़ रहा है।चिकित्सकभी सलाह देते हैं कि ऐसी कोई भी बीमारी या मिलते–जुलते लक्षण दिखें तो तुरंत जांच व परामर्श लिया जाए क्योंकि संक्रमण तेजी से फैलता है और संपर्कियों को भी बुरी तरह प्रभावित करता है।

प्रायः वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण बुखारपैदा करता है जो ठंड में या दूसरे मौसम में भी संभव है। इसमेंनाक बहना, खांसी, सांस की लघुता यानी शॉर्टनेस ऑफ ब्रीद(एसओबी), उल्टी और दस्त भी हो सकताहै। सभी मामलों में जरूरी नहीं कि यही लक्षण हों। इसके कई दूसरे कारण भी हो सकते हैं जैसे एडेनो वायरस, इन्फ्लूएंजा वायरस, एंटरोवायरस, राइनोवायरस और कोविड वायरस जैसे तमाम वायरस जिम्मेदार हैं।वहीं कुछ सामान्य से बैक्टीरिया और कुछ असामान्य बैक्टीरिया जैसे स्पाइरोकेट्स जिससे सिफलिस और लाइम रोग तो लेप्टोस्पाइरासे नाक, मुंह, आंखों में जानवरों के मल–मूत्र से दूषित पानी या मिट्टी के चोटिल त्वचा पर लगने से फैल कर जीवन–घातक बीमारियों में बदल जाता है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने अजीब चीनी निमोनिया को लेकर तमाम मीडिया रिपोर्ट्स और ग्लोबल संक्रामक रोग मॉनिटरिंग सर्विस की रिपोर्टों का हवालादिया है। यह भी कहा है कि ये सभी सांस के संक्रमण के मामले नहीं हैं जो चिंताजनक है।

# शुरू हुआ सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान 20 प्रतिशत आबादी की होगी स्क्रीनिंग



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ग्रामीण संवाद यात्रा के क्रम में आज पांचवे दिन निर्धारित ग्राम पंचायतों में उत्साह के साथ गाजीपुरवासियों ने सहभागिता किया। आजादी के 100वीं वर्षगाठ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त 2022 को लाल किले के प्राचीर से पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी थी। भारत को विकसित बनाने की दिशा में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' एक महत्वपूर्ण कड़ी है। योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आधारित विशेष वैन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के मार्गदर्शन व पयर्वेक्षण में आज पहला दिन अपने पूर्व आधारित रूट चार्ट के अनुसार प्रथम पाली में खण्ड विकास अधिकारी रेवतीपुर के रेवतीपुर खेल मैदान एवं द्वितीय पाली में ग्राम पंचायत नवली में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों द्वारा एल0ई0डी0वैन पर पुष्प वर्षा करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं प्रतिज्ञा भी ली। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनपद के अंतिम व्यक्ति तक पहुॅचाने एवं जनपदवासियों को उपलब्ध लाभों व विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प योजना विषयक विशेष वैन द्वारा जनपद के समस्त 1238 ग्राम पंचायतों व सातों नगरीय निकायों में रूट चार्ट के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर पहुॅचकर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी तरह खण्ड विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपर्युक्त विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों ने सूचना, शिक्षा व संचार विषयक विशेष वैन के आगमन पर स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा किया गया। खण्ड विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने ''मेरी कहानी, मेरी जुबानी'' कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया।

# कौन किस पर भारी !

**कृष्णेन्द्र राय**



होगी किसकी जीत ।
कौन किस पर भारी ।।
जोर शोर से सबकी ।
है अपनी तैयारी ।।
सबके अपने दावे ।
और हैं विचार ।।
फैसला पर जनता का ।
करना भी स्वीकार ।।
अपने अपने क्षेत्र में ।
ठोक रहे सब ताल ।।
दिन है वो नजदीक ।
करने को कमाल ।।
चढ़ा सियासी पारा ।
पाने को अधिकार ।।
हैं सारे आश्वस्त ।
उन्हें पहनना हार ।।

# शाह फैज स्कूल में आयोजित हुआ वाद–विवाद प्रतियोगिता




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शाह फैज पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर जनपदीय वाद– विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना सभा से हुआ विद्यालय के निदेशक महोदय ने सर्वप्रथम फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया उसके बाद निदेशक द्वारा छात्रों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के अनेक सम्मानित विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें लूदर्स कान्वेंट स्कूल गाजीपुर, सेंट जॉन्स स्कूल गाजीपुर, एवरग्रीन स्कूल गाजीपुर, सनशाइन पब्लिक स्कूल गाजीपुर, नवोदय विद्यालय गाजीपुर तथा शाह फैज पब्लिक स्कूल गाजीपुर ने भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की समन्वयक श्रीमती नेहा कुरेशी ने किया छात्र–छात्राओं का प्रदर्शन बहुत ही सराहनी रहा। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सनशाइन पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर शाह फैज पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान पर सेंट जॉन स्कूल रहा। सभा में विद्यालय के छात्र–छात्राएं शिक्षक गण एवं अन्य विद्यालयों से आए हुए शिक्षक उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के बाद छात्र–छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। विद्यालय के समन्वयक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सभा का समापन राष्ट्रगान के द्वारा हुआ।

# सदगुरु श्री ऋतेश्वर पीठाधीश्वर श्री आनंदम धाम पीठ, वृन्दावन का काशी में हुआ आगमन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सदगुरु श्री ऋतेश्वर पीठाधीश्वर श्री आनंदम धाम पीठ, वृन्दावन का शनिवार कों काशी में हुआ आगमन द्य सदगुरु श्री द्वारा श्री लाडली निकुंजवन श्री आनंदम धाम की स्थापना की गई है जो मुख्यत: श्री धाम वृंदावन से संचालित संस्थान है एक और जहां आज पूरा वृंदावन दिल्ली मुंबई बनने की ओर अग्रसित है वहीं श्री लाडली निकुंज वन में आप वही श्री कृष्ण का ब्रज का दर्शन कर पाने में आज भी सक्षम है सदगुरु श्री के यहां 5000 वर्ष पुराने वृंदावन की झलक मिलेगी यहां प्रतिदिवस 2100 दीपकों की माला से ठाकुर गोधूली बिहारी की नित्य भव्य आरती पूजन होती है। परमपूज्य सदगुरु श्री अपने प्रवचनों तथा ध्यान साधना के माध्यम से न जाने कितने मनुष्यों के जीवन को विषाद रहित कर आनंद पथ की ओर अग्रसित किए हैं। सदगुरु स्ट्रेस फ्री लाइफ तथा ब्लिसफुल लाइफ मैनेजमेंट लोगों के जीवन में उतारकर बड़े ही सरल और सहज माध्यम से भाईचारा और विश्वशांति की भावना को प्रतिपादित करना चाहते है द्य छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सदगुरु श्री की कर्मभूमि रही जहां अनेक गौशाला आश्रम बने है। वासुदेव कुटुम्बकम की भावना निहित है इन सब बातों की गम्भीरता और दूरदर्शी चिंतन को बनाये रखने के लिए आयोजको ने सद्गुरु श्री रिटेश्वरजी का मीडिया से संवाद का यह आयोजन किया है।

# ब्रेथ ईजी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर ने निशुल्क स्वास्थ मेला लगाकर मनाया स्थापना दिवस



डा.एस के पाठक के नेतृत्व में निकला जन जागरूकता हेल्थ मार्च

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर ने 25 नवम्बर शुक्रवार को एक विशाल निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर अपनी स्थापना दिवस मनायी जहाँ एक ही छत के नीचे कम्पलीट हेल्थ केयर की सुविधा मरीजों को निरूशुल्क प्रदान की गयी द्य इस शिविर में 576 लोगो का निरूशुल्क परामर्श, निरूशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं निरूशुल्क दवा वितरण ब्रेथ ईजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के पाठक (वरिष्ठ चेस्ट, टी.बी एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ) के नेतृत्व में किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में चेस्ट रोग विशेषज्ञ, सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, ह्रदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशियन भी उपलब्ध थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन करके रमेश चंद्र जायसवाल (विधायक, दीनदयाल नगर मुगलसराय), विशिष्ट अतिथि के रूप मे सीएमओ वाराणसी डा. संदीप चौधरी, राजकुमारी कृष्णाप्रिया साहिबान (रामनगर फोर्ट), ब्रेथ इजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के पाठक तथा ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र जायसवाल (विधायक, दीनदयाल नगर मुगलसराय) ने बताया ब्रेथ ईजी मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल रामनगर का यह प्रयास उन मरीजों के लिए यह विशेष रूप से सुविधापूर्ण हैं, जिन्हें विश्वस्तरीय चिकित्सा के लिए अपने गाँव या कस्बे से बाहर जाना पड़ता था अब यह सुविधा रामनगर मे उपलब्ध है यह पर विगत तीन सालों में ( कोविड काल से) निरंतर मरीजों को सेवा कर रहा है डॉ. एस.के पाठक के नेतृत्त्व में हुए इस निरूशुल्क चिकित्सा शिविर के लिए मैं तहे दिल से शुक्रगुजार हूँ, क्योकिं इस निरूशुल्क चिकित्सा शिविर के वजह से रामनगर–मुगलसराय, चंदौली , मिर्जापुर व आस–पास क्षेत्र के लोग भी अपना स्वास्थ्य जांच करवा पा रहे हैं। डॉ. पाठक ने आगे बताया कि ब्रेथ ईजी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री श्र नरेंद्र मोदी के वाराणसी प्रवास के दौरान मिली थी जिसमे प्रधानमत्री जी ने स्वयं अपने विजन स्वस्थ्य भारत का मूल जड़ गावं व कस्बों को लेकर डॉ. पाठक से जिक्र किया था डॉ. पाठक ने आगे बताया कि कोविड काल से अब तक 10 हजार गंभीर मरीजों को जान बचाई गई और 25 हजार मरीजों का ईलाज किया गया। रामनगर में एक ही छत के नीचे कम्पलीट हेल्थ केयर की सुविधा दी गयी हैं जहाँ मेडिसिन, चेस्ट, सर्जरी, ह्रदय रोग, ब,अन्य रोगों का विश्वस्तरीय पद्दति द्वारा ईलाज हो रहा हैं द्य ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी, विगत ३बरसो से रामनगर आसपास जिलों एवं कस्बों में स्वास्थ सम्बंधित रोगों के बचाव व उपचार के लिए पूर्वांचल में एक स्तभ बिंदु बन गया है जहाँ पर गंभीर स्वास के मरीज, एलर्जी व टी.बी. के मरीज का इलाज कम समय व कम खर्च में संभव हो जाता है। रामनगर की राजकुमारी कृष्ण प्रिया ने बताया कि ब्रेथ ईजी द्वारा समय–समय पर विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में निरूशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन एवं स्वास्थ जागरूकता रैली रामनगर एवं आस पास जनता के लिए लाभप्रद रहता है स्वास्थ शिविर के तत्पश्चात एक स्वस्थ जनजारुकता हेल्थ मार्च निकाला गया जिसको हरी झंडी दिखाकर विधायक जी रमेश चंद्र जायसवाल एवं ब्रेथ ईजी की निर्देशिका डा. सुनीता पाठक ने किया। इस शिविर में रामनगर के थाना प्रभारी भरत उपाध्याय एरिया के पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव सिद्धांत जायसवाल आदि लोग उपस्थिति थे इस चिकित्सा शिविर में मरीजों का थर्मल स्कैनिंग, कंप्यूटर मशीन द्वारा फेफड़े की जाँच, रक्त में ऑक्सीजन मात्रा की जाँच, ब्लड शुगर ,ब्लड प्रेशर की जाँच, चेस्ट एक्सरे आदि की जाँच की गयी। चिकित्सा शिविर में आए सभी मरीजों को निरूशुल्क दवा वितरण किया गया इस चिकित्सा शिविर में डा,ओ पी सिंह, डा. धीरेंद्र,डा साक्षी पाठक,डा दिवाकर पांडे ,डा. दिवर्षी दीक्षित ने अपनी सेवाए डा.एस के पाठक के नेतृत्व में प्रदान की। ब्रेथ ईजी फाउंडेशन की पूरी टीम ने स्वास्थ शिविर में आये हुए मरीजो के स्वास्थ चेकप में सहयोग प्रदान किया जिसमे सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक, अशोक सिंह, विनीत, अखिलेश, संजय, रतन आदि लोगों ने सहयोग प्रदान किया ।

# मांगो का निराकरण नहीं होने पर 28 से प्रारम्भ होगा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन– रोशन लाल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद गाजीपुर के जिला पदाधिकारी और कोर कमेटी की बैठक सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रोशन लाल की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क लंका गाजीपुर में 11 बजे से सम्पन्न हुआ। बैठक में संघ की वर्ष 2023 की सस्यता रसीद, जनपद शाखा का विस्तार, 10 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित पुरानी पेंशन जय घोष महारैली, एरियर भुगतान, प्रान कटौती का पासबुक बनाए जाने, गौशाला से मुक्ति, महिला, दिव्यांग और पारिवारिक समस्यायों से ग्रसित सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण, संघ के पत्रों पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा संज्ञान नही लिया जाना, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने कहा कि संघ की सदस्यता रसीद के सम्बंध में तहसीलवार समीक्षा बैठक किया जायेगा । जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि जनपद के सफाई कर्मचारी साथियों के साथ हो रहे अन्याय और उत्पीड़न, लम्बित समस्यायों के निराकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि को लेकर 28 नवम्बर 2023 से विकास भवन में अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा, जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा सहमति प्रदान किया गया। जिला महामंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को बताया कि जनपद के सफाई कर्मचारी साथियों की समस्यायों के निराकरण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी और अन्य अधिकारीगण को बार बार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया परन्तु जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा संघ की समस्यायों और पत्रों का संज्ञान नही लिया गया न ही पत्रों के क्रम में कृत किसी भी कार्यवाही से संघ को अवगत कराया गया जिसके कारण विवश होकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को तन मन धन से सहयोग करने की आवश्यकता है।जिला संगठन मंत्री इम्तियाज अहमद ने जनपद के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी साथियों से 28 तारिख को धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील किया गया साथ ही 10 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित पुरानी पेंशन जय घोष महारैली में अधिक से अधिक संख्या में चलने के लिए अपील किया गया।बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, जिला संप्रेक्षक मुकेश कुमार रावत, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जवाहिर बिंद, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश भारती, लल्लन प्रसाद, तहसील अध्यक्ष सुग्रीव राम, जिला संयुक्त मंत्री कामेश्वर रावत, मरदह ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार भारती, रामप्रवेश गौतम, राजेंद्र प्रसाद, रेवतीपुर कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, नरसिंह प्रसाद, बाराचवर से जिला उपाध्यक्ष अरविन्द यादव, संघर्षशील साथी तुलसी राम मौजूद रहे।

# मोदी के मन की बात एवं वोटर चेतना महाभियान की सफलता हेतु बैठक का हुआ आयोजन



प्रखर संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी जी के मन की बात एवं वोटर चेतना महाअभियान की सफलता हेतु मंडल कांटे के सेक्टर चंगेरा मंगेरा एवं छपिया छितौना की बैठक ग्राम चंगेरा मंगेरा एवं छपिया छितौना केवटलिया में किया गया जिसके मुख्य अतिथि शैलेश कुमार राजभर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय जल सत्याग्रह आन्दोलन राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राजभर संगठन रहें बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र एवं सेकटर प्रभारी चगेरा मंगेराध्छपिया छितौना प्रवासी शैलेश कुमार राजभर ने कहा कि सेक्टर अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ पदाधिकारी टोली के साथ घर घर जाकर प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में पढ़कर जांच लें जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं हैं और जिस लड़का– लड़की का उम्र 18 साल हो चुका हैं उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु फार्म 8 भरकर फोटो चिपकाकर आधार कार्डध्हाईस्कूलध्पहचान पत्र की छाया प्रति संलग्न कर बूथ स्थल पर जाकर बी एल ओ के पास जमा कर रसीद प्राप्त कर ले एवं प्रत्येक दिन रिपोर्टिंग और सरल ऐप पर डाउनलोड करें जिससे भारतीय जनता पार्टी का वोटर चेतना महाअभियान सफल हो सकें और 2024 में प्रचण्ड बहुमत से पुनः देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बनें और राष्ट्र विश्व गुरु और भारत सशक्त और विकसित राष्ट्र हो सके तथा मोदी जी के मन की बात हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष बूथ कमेटी द्वारा आयोजित करें एवं सभी ग्राम वासियों को मोदी जी के मन की बात लाउडस्पीकर या एल इ डी लगाकर सुनायें तथा सरल ऐप पर डाउनलोड करें और रिपोर्टिंग समय समय करते रहें इस अवसर पर सेक्टर चंगेरा मंगेरा की बैठक सेक्टर अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में सेक्टर अध्यक्ष के निवास ग्राम चंगेरा में हुआ जिसमें बूथ अध्यक्ष संदीप गुप्ता, संतोष चौहान, अर्जुन सिंह, कमलेश किसान, रामदीन राजभर ,राजदेव मास्टर, ठाकुर गोंड,बेचन सिंह आदि रहें एवं सेक्टर छपिया छितौना की बैठक सेक्टर अध्यक्ष पुण्यात्मा जायसवाल की अध्यक्षता में ग्राम छपिया छितौना केवटलिया में हुआ जिसमें बूथ अध्यक्ष जगराम गोंड, मोहन निषाद, जगनरायन गोंड, जगदीश निषाद, सुनील मौर्य, काशीराम मौर्य आदि रहें।

# बनारस में रितेश पाण्डेय और प्राप्ति शुक्ला की फिल्म भ्रष्टाचार की शूटिंग फोटो वायरल



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भ्रष्टाचार इस शब्द के सुनते ही इंसान के मन: मस्तिष्क में कई प्रकार की बातें घुमड़ने लगती हैं लगता है कि जैसे कोई आपके बगल से कुछ चुरा ले गया और आप टुकुर टुकुर देखते ही रह गए ऐसे में इंसान अपनी सुध बुध खो देता है क्योंकि जहाँ जहाँ भ्रष्टाचार होता है वहां इंसानियत जिंदा नहीं रह पाती अब रितेश पाण्डेय जैसे मंझे हुए कलाकार भी जब इस भ्रष्टाचार का शिकार हो सकते हैं तो फिर बाकी आम इंसान कि तो बात ही क्या करना। भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में उनका साथ देने आ रही हैं प्राप्ति शुक्ला अभी विगत दिनों में ही उनका एक पोस्टर वायरल हुआ था जिसमें रितेश पाण्डेय एक स्कूटी पर बैठे हुए चेहरे पर तनाव लेकर जा रहे थे और पीछे पूरी भीड़ उनके पीछे पड़ी हुई नजर आ रही थी दरअसल में उस दिन रितेश पाण्डेय की आगामी फिल्म भ्रष्टाचार का फर्स्टलुक पोस्टर रिलीज किया गया था जिसकी शूटिंग आज से बनारस में शुरू हो रही है फर्स्टलुक पोस्टर पर रितेश पाण्डेय स्कूटी पर बैठे थे और उनके चेहरे पर तनाव साफ साफ देखा जा रहा था वहीं बैकग्राउंड में काफी भींड़ और आगजनी की तस्वीरें दिखाई दे रही थीं यह देखकर ही लग रहा था कि फिल्म में काफी हो हंगामा होने वाला है द्य अब देखते हैं कि वास्तव में इस फिल्म में किस प्रकार का भ्रस्टाचार होने जा रहा है और रितेश पाण्डेय किस कदर इस भ्रष्टाचार से निबट रहे हैं क्योंकि 23 नवम्बर से उनकी भ्रस्टाचार की लड़ाई बनारस में शुरू हो गई है फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो गई है जो लगभग एक महीने तक चलेगी। यशस्वी फिल्म क्रिएशन व यशस्वी इंफ्राहाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फिल्म भ्रष्टाचार के निर्माता हैं संजय गुप्ता वहीं संजय गुप्ता के लिखे इस भ्रष्टाचार का निर्देशन कर रहे हैं एच एस पवन द्य फिल्म के गीत लिखे हैं सन्तोष पूरी व आशुतोष तिवारी ने जिन्हें संगीत से सजाया है सन्तोष पूरी व अजय वर्मा ने जिनके बनाये संगीत पर नृत्य निर्देशन करने वाले है डांस मास्टर रिक्की गुप्ता छायांकन महेश। इस फिल्म मे रितेश पांडेय संग प्राप्ति शुक्ला, संजय पाण्डेय विनीत विशाल, अयाज खान,अजय पाठक व शान चतुर्वेदी नजर आने वाले हैं शांति प्रोडक्शन के ( तहत ) सहयोग से इस फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का काम मुम्बई में किया जाएगा जिसकी सारी तैयारियां कर ली गई हैं इस भ्रष्टाचार के प्रोजेक्ट डिजाइनर हैं अजय पाठक सिनेमेटोग्राफी कर रहे हैं विजय यादव ,इपी हैं जुबेर शाह व बृजेश टाइगर कला पक्ष देख रहे हैं राम कुमार व प्रचारक हैं।

# पेट्रोल पंप से तेल भराकर भागे बदमाश

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर क्षेत्र के नागापुर में 20 दिन पूर्व खुले पेट्रोल पंप से शुक्रवार की रात 2 बजे पेट्रोल भराकर कार सवार बदमाश भाग निकले । नव स्थापित साई प्रभात फिलिंग स्टेशन पर बिना नंबर के स्विफ्ट डिजायर जिसपर आगे पीछे पुलिस को लोगो लगा था और उसमे बैठे 3 की संख्या में पहुचे बदमाश 1हजार 9 सौ का पेट्रोल भराकर गाड़ी स्टार्ट करके भाग गए । पेट्रोल पम्प कर्मी दिनकर प्रसाद चिल्लाता रहा किन्तु उसकी एक भी नही सुनी । पेट्रोल पम्प कर्मी इसकी सूचना पीआरवी को दी जो कुछ ही मिनटों बाद पहुचकर जांच पड़ताल करके लौट गई । पेट्रोलकर्मी ने बताया कि पुलिस का लोगो लगने के कारण पहले रुपये नही मांगा।

वही सूचना पर पहुची सीसीटीवी कैमरे के सहारे बदमाशों के तलाश में जुट गई है। वही पेट्रोल पंप मालिक जितेंद्र पटेल ने बताया कि पुलिस का लोगो होने कारण ऐसी घटना हुई वरना रात में बिना रुपये लिए तेल नही दिया जाता।

# खेलकूद में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



प्रखर पिंडरा वाराणसी। ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग छात्र छात्राओं के खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्हें इस प्रदर्शन पर सम्मानित भी किया गया। बीआरसी मंगारी पर शनिवार को परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के बीच आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ में प्राथमिक विद्यालय के छात्र दीपक जायसवाल, कुर्सी दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंधोरा की आलिसा, चित्रकला में प्राथमिक विद्यालय मंगारी की गायत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्थान प्राप्त छात्रो को ब्लॉक लेखाकार जितेंद्र सिंह व एआरपी वीरेंद्र कुमार ने मेडल दिया। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर सतीश सिंह, रामबली राम व गायत्री देवी, विपिन पांडेय व सुशील कुमार समेत अनेक लोग रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाये आकर्षक मॉडल

**उर्दू कैलियोग्राफी एवं बुक,गावं का प्राचीन एवं अल्ट्रा मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र**

प्रखर खेतासराय जौनपुर। जिले के उसरहटा स्थित कुबा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र–छात्राओं ने विज्ञान के आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बतौर मुख्य अतिथि क्राइम ब्रांच प्रभारी कोतवाली शाहगंज जय प्रकाश यादव ने बच्चों का खूब हौसलाफजाई किया। कई माडलों से छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण का संदेश दिया। विज्ञान मॉडल में मुख्य रूप से मिसाईल, स्मार्ट टाउन, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी ,माइंड मैप,आईक्यू टेस्ट डिवाइस ,एटीएम,सोलर सिस्टम और इसके साथ ही उर्दू में परिंदों की दुनिया, अल्फाबेट,ग्लोबलाइजेशन, शहरीकरण, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय का थ्रीडी मॉडल,वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, कोल माइन एरिया,पवन चक्की कैलियोग्राफी को लोगो ने खूब सराहना की। विद्यालय परिसर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के में छात्र छात्राओं ने माडल बनाकर पर्यावरण संरक्षण को मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत बताया। स्कूल के मैनेजर मौलाना अबरार अहमद नदवी और प्रधानाचार्य अनवार अहमद ने सभी आतिथिगण का आभार ब्यक्त किया।साथ ही बच्चों को प्रर्दशनी के लिए तैयार करने और सुचारू रूप से कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए स्कूल के मेंबर ऑफ काउंसिल और टीचिंग स्टाफ का भी आभार ब्यक्त किया।और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके मि0 अब्दुल वाहिद साहब,मि0 जावेद अहमद साहब ,डॉ फारूक ,डॉ मोहम्मद अरशद आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# केन्द्रीय देव दीपावली महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य वागीश दत्त मिश्र ने कहा 108 घाटों एवं 75 कुंडों तालाबों में विशेष रूप से मनाया जायेगा देव दीपावली महोत्सव

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चेतगंज स्थित प्लानर इंडिया भवन के प्रांगण में 25 नवम्बर शनिवार कों हुआ पत्रकार वार्ता का आयोजन द्य पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय देव दीपावली महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य वागीश दत्त मिश्र ने कहा कि काशी आधारित देव दीपावली एवं गंगा आरती पूरे देश दुनियाभर भर में विस्तारित हो चुका है और सभी को जोड़कर इसका (केंद्रीय) वैश्विक संगठन बनाया जायेगा आगे कहा कि काशी की देव दीपावली एवं श्री गंगा की आरती का आयोजन मात्र घाटों तक सीमित नहीं रहा अब इससे प्रेरित हो देश विदेश में भी लोग इसका आयोजन कर रहे हैं। वर्तमान कालिक देव दीपावली महोत्सव मात्र धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है यह नदियों और कुण्डों – तालाबों पर स्वच्छता अभियान के लिए अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम साबित हो रहा है द्य हम केवल वाराणसी की ही बात करें तो यहाँ के गंगा घाटों पर पहले गंगा जी की बाढ़ द्वारा लाई गई मिट्टी वैसे के वैसे ही साल दर साल, परत दर परत जमा हो कर पड़ी रहती थी कुछ घाटों की हालत ऐसी हो गई थी की वे टनों मिट्टी– मलबे के बोझ से दब कर, धंस चुके थे देव दीपावली आयोजन शुरू होने के पहले केवल स्नान करने ,नहाने वाले घाटों पर ही जमा मिट्टी की सफाई होती रही। सन् 1990 के बाद के दशक में जैसे– जैसे देव दीपावली का विस्तार हुआ वैसे –वैसे गंगा के घाटों की साफ–सफाई, प्रकाश, मरम्मत आदि की व्यवस्थाओं में पर्याप्त सुधार हुआ द्य अब बाढ़ के बाद नियमित रूप से अभियान चलाकर सफाई, प्रकाश आदि व्यवस्थायें देव दीपावली के पूर्व लक्ष्य बनाकर दुरुस्त कर ली जाती हैं अब साल दर साल घाटों की नियमित रूप से साफ–सफाई होने लगी जिससे वाराणसी में विभिन्न उद्देश्यों, स्नान–दान, तीर्थाटन – पर्यटन आदि के लिए आने वाले पर्यटकों – श्रद्धालुओं का आगमन बढ़ा है। यात्रियों – पर्यटकों की बढ़ रही उपस्थिती से रोजगार–बाजार सब फल फूल रहा है आज फिल्मों से लेकर शादी–ब्याह, पार्टी तक में आरती, दीप श्रृंगार करना फैशन बन गया है और इवेंट्स मैनेजर इससे पैसा बना रहे हैं वो तो ठीक लेकिन कहीं कहीं आरती और भोजन, डी जे नृत्य – संगीत साथ ही चल रहा है यह आरती की पवित्रता व मर्यादा का अपमान है काशी (वाराणसी) में गंगा –वरूणा, गोमती के तटों पर तथा कुंडों – तालाबों, सरोवरों झीलों, मंदिरों, चौक, चौराहों आदि पर जो देव दीपावली एवं आरती काआयोजन होता है उन उन विभिन्न आयोजन स्थानों के लगभग – लगभग प्रतिनिधियों का पहले से ही महासमिति से जुड़ाव हैं, और जो बाकी हैं सबकी भागीदारी सुनिश्चित कर श्री देव दीपावली एवं आरती महासमिति काशी का संगठन पुनर्गठित किया जायेगा साथ ही भारत के उन राज्यों में जहां –जहां देव दीपावली पहुंच गई है वहां के बाकी दुनिया में फैले आयोजकों को जोड़कर केन्द्रीय देव दीपावली एवं आरती का विधिवत गठन किया जाएगा ।

# इंटर कॉलेज समोधपुर का पूर्व छात्र बना सहायक खनन भूगर्भ वैज्ञानिक



प्रखर सुईथाकला जौनपुर। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा पूरे देश में सहायक खनन भूगर्भ वैज्ञानिक के 21 पदों की भर्तियों के लिए आयोजित परीक्षा 2022 में सुईथाकला क्षेत्र के जमौली गांव के खुशवंत राव ने सफलता हासिल करके क्षेत्र का मान पूरे देश में बढ़ाया है।6 नवंबर 2023 को हुए साक्षात्कार में खुशवंत राव को सफलता मिली।हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई क्षेत्र के श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर तथा बीएससी, एमएससी व पीएचडी बीएचयू से किया।सहायक खनन भूगर्भ वैज्ञानिक पद पर चयन होने से क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है।खुशवंत के पिता गुरुदीन एक साधारण और गरीब किसान थे। माता इंद्रावती देवी एक कुशल गृहणी हैं।अत्यंत अभाव में भी रहकर संघर्ष करके उपलब्धि हासिल करने वाले खुशवंत का कहना है कि लक्ष्य हासिल करने के लिए सबसे पहले लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। एक ही साथ कई प्रकार की तैयारी कर रहे प्रतियोगी छात्र–छात्राओं को सफलता का टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल एक होना चाहिए।दृढ़ निश्चय के साथ तैयारी करने से सफलता अवश्य मिलती है।उन्होंने सफल होने के लिए कठिन परिश्रम और धैर्य को जरूरी बताया।सफलता का श्रेय माता इंद्रावती देवी, पिता स्व.गुरुदीन, भाईयों जसवंत राव, सतवंत राव,बलवंत,मामा शोभई राम पूर्व प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व प्रो.डॉ रामबक्स कानपुर विधि विभाग तथा बहनों सुनीता और ममता को दिया है।सफल होने पर इसका श्रेय विशेष रूप से पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह द्वारा विद्यालय में स्थापित शिक्षा का स्वस्थ व बेहतर माहौल और अनुशासन को दिया है।शिक्षा के ऐसे माहौल में कोई भी छात्र पढ़ लिख कर सफलता हासिल कर सकता है।शिक्षकों विशेष रूप से पूर्व हिंदी प्रवक्ता शीतला प्रसाद उपाध्याय,अंग्रेजी प्रवक्ता विनय त्रिपाठी ,पूर्व भौतिकी प्रवक्ता विनोद तिवारी व धर्मदेव शर्मा,संतोष कुमार गणित प्रवक्ता, एवं अन्य गुरुजनों को दिया है। उन्होंने शोध के लिए बीएचयू के प्रोफेसर डॉ. आर्कोप्रोवो विश्वास का विशेष योगदान बताया है जिन्होंने जीवन में कभी हतोत्साहित नहीं होने दिया।कदम कदम पर मार्गदर्शन किया । इस उपलब्धि पर गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लिए सुखद समाचार है।प्रबंधक ने ग्रामीण क्षेत्र के हर प्रतियोगी छात्र–छात्राओं के लिए एक अनोखी मिसाल बताया।पूर्व प्रधानाचार्य डॉ.रणजीत सिंह ने विद्यालय के छात्रों को ऐसे सफल और होनहार छात्र से प्रेरणा लेने की बात कही। खुशवंत का चयन उसकी लगन और मेहनत का परिणाम है।यह दूसरे छात्र–छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होगा । प्रधानाचार्य डॉ.अजेय प्रताप सिंह व शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।भाइयों जसवंत,सतवंत व बलवंत ने भी बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है।

# आर0 पी0 सिंह बने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष

प्रखर मुंगराबादशाहपुर /जौनपुर। स्थानीय नगर के एक होटल में मछलीशहर तहसील क्षेत्र के प्रिन्ट मीडिया पत्रकारों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमे तहसील क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन से अधिक उपस्थित पत्रकारों ने जौनपुर पत्रकार संघ से सामूहिक त्यागपत्र देकर ग्रामीण पत्रकार एशोशिएशन में शामिल हुए और सर्वसम्मति से तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार आर0 पी0 सिंह को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का तहसील अध्यक्ष चुना उक्त बैठक संगठन के वाराणसी मण्डल के उपाध्यक्ष नानक चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार गोपाल पाण्डेय ने तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राम प्रताप सिंह को अध्यक्ष पद पर चुने जाने का प्रस्ताव रखा जिसका बैठक में उपस्थित समस्त पत्रकारों ने ध्वनि मत से समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से रामप्रताप सिंह को तहसील अध्यक्ष चुना ।तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार गोपाल पाण्डेय ने नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष से एक सप्ताह के अन्दर तहसील कमेटी के गठन का सुझाव दिया। जिसे नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए निर्धारित समय तक गठन की प्रक्रिया पूरा करने हेतु आश्वस्त किया, इसके बाद बैठक में उपस्थित पत्रकार मो0 जफर खा , बृजेश पाण्डेय , दीपक शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी, गंगेश बहादुर सिंह ,पंकज मणि तिवारी आदि ने अपने सुझाव रूपी विचार व्यक्त किए । उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से आर पी सिंह के तहसील अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं भी दिया ।अन्त में बोलते हुए नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष आर0 पी0 सिंह ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पत्रकार साथियों ने जिस आशा और विश्वास के साथ हमे अपना नेतृत्व सौपा है मैं सभी को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी पत्रकार साथी के मान सम्मान पर कोई आंच नहीं आने पाएगी । बैठक में,गोपाल पाण्डेय , बृजेश कुमार पाण्डेय , मो0 फहीम अंसारी , आलोक सिंह,अभिषेक सिंह , सौरभ त्रिपाठी,अनुपम कुमार तिवारी ,हरेन्द्र प्रताप सिंह , जय प्रकाश तिवारी ,अर्जुन राम,राज कमल श्रीवास्तव ,अमित शुक्ल सहित लगभग तीन दर्जन से अधिक पत्रकार उपस्थित रहे ।

# तीसरी नजर की निगहबानी में पूर्वांचल की दवा मंडी सप्तसागर स्मार्ट बाजार पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन व महापौर अशोक तिवारी ने किया उद्घाटन



**दवा विक्रेता समिति वाराणसी ने किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्मार्ट सिटी बनारस के सप्तसागर में स्थित पूर्वांचल की थोक दवा मंडी अब तीसरी नजर की निगहबानी में हैं इस मंडी में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं जिसके जरिए मंडी के कोने–कोने पर पैनी नजर रखी जाएगी और थोक व्यापारी भयमुक्त होकर सुरक्षित कारोबार कर सकेंगे द्य दवा विकेता समिति वाराणसी के सौजन्य से लगाये गये करीब एक दर्जन हाईटेक सीसीटीवी कैमरे पर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए हैं 25 नवम्बर शनिवार को महापौर अशोक तिवारी एवं पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने इसका उद्घाटन किया। महापौर अशोक तिवारी ने उपस्थित दवा कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां लगाये गये हाईटेक सीसीटीवी कैमरों के जरिए मंडी के कोने–कोने पर पैनी नजर रखी जाएगी द्य हर आने–जाने वालों पर पुलिस का पहरा होगा और व्यापारी भयमुक्त होकर अपना कारोबार कर सकेंगे दवा विक्रेता समिति के पदाधिकारियों एवं मंडी के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार करने का काम किया है। पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने कहा कि मंडी में लगाये गये हाईटेक कैमरों के तार स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल सेंटर एवं कोतवाली थाने से जुड़े रहेंगे ताकि मंडी में होने वाली हर गतिविधियों की निगहबानी की जा सके ये कैमरे सामान्य कैमरे से अलग हैं इसके लिए मंडी के व्यापारी साधुवाद के पात्र है यह काम शहर ही नहीं जिले की हर मंडी और बाजार के व्यापारियों को करना चाहिए इसके लिए व्यापारियों को प्रेरित भी किया जा रहा है इस मंडी के व्यापारी स्वतरू यह काम कर प्रेरणा के स्त्रोत बन गए हैं। अतिथियों का स्वागत करते हुए दवा विक्रेता समिति वाराणसी के महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि यह जिले की एक मात्र मंडी है जहां सबसे पहले हाई टेक्नोलॉजी कैमरा शासन की मंशा के अनुरूप लगाया गया है इसके लिए मंडी के व्यापारियों ने खुलकर सहयोग किया है आने वाले दिनों में मंडी को सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा ताकि यह प्रदेश में एक नजीर बन सके द्य इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश कुमार, अंजनी गुप्ता, कुवर खन्ना, विनोद यादव, शैलेश गुप्ता, धर्मेंद्र अग्रवाल, अतुल जैन, मनोज अग्रवाल, त्रिलोकी यादव, अशोक सिंह ,शरद गुप्ता ,धर्मेंद्र गुप्ता ,अनील साह ,शैलेंद्र सिंह इत्यादि लोग मौजूद है

# तीन दिवस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**विजेता बच्चों को ट्राफी, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित**

प्रखर वाराणसी। श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल चोलापुर, वाराणसी के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खोलकूद प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें इंटर हाउस प्रतियोगिता कराई गई जिसमे एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ तथा 400 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया साथ ही कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल की प्रतियोगिता कराई गई। प्राइमरी के बच्चों में जलेबी रेस, फ्रॉग रेस, कलेक्ट बाल तथा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे सिंह एथलेटिक्स कोच, वाराणसी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आनंद पाठक (सचिव पूर्वांचल क्रीडा संगठन) तथा उमेश सिंह एडवाइजर ने विजेता बच्चों को मेडल ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति प्रकाश (कार्यकारी जिला अध्यक्ष) राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं राष्ट्रीय सलाहकार (मिशन समाज सेवा) के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने विजेता बच्चों को मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को बैज लगाकर, अंगवस्त्र प्रदान किया तथा स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की सहायक निदेशका दिव्या सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, राहुल पांडेय, रिचा मिश्रा, सीमा सिंह के कठिन परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप सिंह, रमेश चंद्र यादव, अजय कुमार गोस्वामी, रामकुमार यादव एवं वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक आलोक कुमार सिंह ने अपनी देखरेख में बच्चों को उत्साहित करते हुए प्रतियोगिता संपन्न कराई।विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# जूते की एक ठोकर से उखड़ी सड़क, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



**हाई प्रोफाइल से जुड़ा मामला, संबंधित लोगों पर गिर सकती है गाज**

प्रखार सुईथाकला जौनपुर। लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राज्य मार्ग से सुइथाकला गांव में जाने वाली सड़क बनने के कुछ दिनों के अंदर उखड़ जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। नाराज ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी और गुणवत्ता पर सवाल उठाए। क्षेत्र वासियों ने जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सड़क के निर्माण में डामर न प्रयोग किए जाने और संबंधित लोगों पर सरकारी धन के बंदर बांट का आरोप लगाया है।आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जैसे ही जूते की एक ठोकर मारी तो नीचे की जमीन ही दिखने लगी और गिट्टियाँ उभर कर बाहर आ गईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा तथा शाहगंज के विधायक रमेश सिंह से सड़क की गुणवत्ता की जांच करवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जब नई सड़क ही गड्ढा मुक्त नहीं हो पा रही है तो पुरानी सड़कों का क्या कहना है। सड़क के निर्माण में घोर लापरवाही ,उदासीनता और सरकारी धन की हेरा फेरी का आरोप लगा है ।मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त किये जा रहे दावे पर भी तीखे सवाल खड़े कर दिए। गौरतलब है कि कुछ ही दिनों में बनी नई सड़क उखड़ने से सीएम योगी के गड्ढा मुक्ति के दावों पर सवाल उठने लाजिमी हैं।पूरे प्रदेश को गड्ढा मुक्त होने का दावा करने वाले योगी के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं।उखड़ी हुई सड़क का प्रकरण हाई प्रोफाइल के व्यक्ति के क्षेत्र से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि मामला हाई प्रोफाइल से जुड़े होने के कारण सड़क के संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है।उक्त प्रकरण के संबंध में डीएम अनुज कुमार झा से बात करने की कोशिश की गई किंतु संपर्क नहीं हो सका। शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ,लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन राजेंद्र कुमार और सहायक अभियंता विकास कुमार गुप्ता से फोन पर बातचीत करने की कोशिश की गई किंतु बात नहीं हो सकी।

# नौ दिसम्बर से पहले आवेदन न करने वाले युवा नही बन पाएंगे वोटर– डीएम



**बूथ संख्या 111,112 पर बीएलओ की खामी से भड़के जिलाधिकारी**

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। डीएम अनुज कुमार ने शनिवार को कस्बे में आधा दर्जन बूथों पर पहुँचकर जायजा लिया ।बीएलओ को जरूरी निर्देश के साथ ही खामी मिलने पर उन्हें फटकार भी लगाया ।निर्देशित किया कि मतदाता सूची का सर्वे सही तरीके से किया जाना चाहिए । इस मे किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी । दोपहर पहुँचे जिलाधिकारी सबसे पहले आदर्श कन्या इंटर कालेज के बूथ पर पहुँचे । यहाँ उन्होंने बूथ संख्या 113,114,115,116,117 का निरीक्षण किया । इस दौरान कार्य मे लगे बीएलओ से बातचीत की उन्हें जरूरी हिदायत देकर प्राथमिक विद्यालय खेतासराय पहुँचे । दो बूथ 111,112 पर खामियां देख उन्होंने बीएलओ को फटकारा । यहाँ रजिस्टर में बीएलओ द्वारा सर्वे रजिस्टर ठीक से नही भरा पाया गया । डीएम ने पुनः सर्वे करने के लिए निर्देश दिया । इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन महिलाओं का विवाह हो चुका है, मृतक तथा प्रदेश से बाहर रहने वालों का नाम चिन्हित के मतदाता सूची से नाम विलोपन करें । श्री झा ने आह्वान किया कि 1 जनवरी 2024 को योग्य होने वाले युवा अपने बीएलओ को नौ दिसम्बर से पहले आवेदन जरूर करें अन्यथा वोटर बनने से वंचित हो सकते है । इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ एसडीएम शाहगंज शैलेंद्र प्रसाद सिंह, एसडीएम सदर ऋषभ देशराज पुण्डरीक, लेखपाल अशोक कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## अस्सी घाट पर सुश्री फेनी ऊर्फ मीरा ने कथक नृत्य की अद्भुत, अलौकिक नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों के हृदय को मंत्र मुग्ध किया



प्रखार वाराणसी । घाट संध्या के अंतर्गत विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में दिनांक 24/11/2023 को स्विट्जरलैंड की युवा कलाकार सुश्री फेनी ऊर्फ मीरा ने कथक नृत्य की अद्भुत, अलौकिक नृत्य की प्रस्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों के हृदय को मंत्र मुग्ध किया। कलाकार ने कार्यक्रम का शुभारंभ नागेंद्रहाराय त्रिलोचनाय तत्पश्चात शुद्ध पारंपरिक कत्थक उठान, परन , आमद, तोड़ा, तिहाई,तबला और घुंघरूओ की जुगलबंदी, समापन राधा कृष्ण पर आधारित भाव नृत्य डगर बिच कैसे चलूं, से किया। संगतकार कलाकार के रूप में बोल पढंत पर गुरु श्री रवि शंकर मिश्रा, तबले पर श्री राम कुमार मिश्रा, गायन पर श्री शक्ति कुमार मिश्रा, सारंगी पर श्री अनीश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केशरी ने सफल संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया।कलाकारो को आशीर्वचन एवम प्रमाण पत्र डॉ मार्कण्डे राम पाठक, पद्म श्री डॉ सरोज चूड़ामणि,डॉ मंजरी पांडे जी ने प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ उत्कर्ष केसरी ,श्री एस के केशरी, श्री अभय श्रीवास्तव, श्री कृष्ण मोहन पांडे, श्री संजय राय,श्रीमती दीपाली श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम राय, श्रीमती निधि केसरी श्रीमती एकता केसरी, श्रीमती कंचन मिश्रा सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

## विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खुली खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**खेलकूद जैसे आयोजनों से छात्र–छात्राओं की प्रतिभा निखरती है**

प्रखार संतकबीरनगर। विकासखण्ड सांथा में विकासरखण्ड स्तरीय ग्रामीण खुली खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक कन्या इण्टर कालेज झूडिया में किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर, सबजूनियर तथा सीनियर वर्गों में की प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी एलेन एथलेटिक्स तथा बालिकाओं । प्रतियोगिता में बालीवाल कबाडी कुश्ती आदि विधाओं में बच्चों ने बढ़–चढ़ कर हिसमा लिया। कार्यक्रम के संयोजक दक्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकाणी श्री मुकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य संदीप कु. चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक श्री दुर्गेश मिश्रा, विजय चन्द, श्यामा मैडम, शिक्षक श्री विशाल मिश्रा, आशुतोष मित्रा मुनक्कू मित्रा, विशाल की मईशिया, मो. शहदाव, मुमताज अहमद, ब्लाक कमाण्डर, कृष्ण गोपाल, राजेश, राजदेव प्रसन आदि मौजूद रहे। विजेताओं में 100 मी दौड़न में सबजूनिया में इस्तरवार तथा तथा जूनियर वर्ग में जोगिन्दर सीनियर वर्ग में शैलेष कुमार ने बाजी मारी।वालिकाओं में सबजूनियर में राही जूनियर में खुशी पटेल व सीनियर वर्ग में राजकुमारी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में, बालक वर्ग में सुड़िया की घेन निगयी रही तथा बालिकाओं में लरमीवाई टीम प्रथम स्थान पर रही।

## जंगीपुर पुलिस ने किया विभिन्न आरोपों मे वांछित जालसाज को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय उ0नि0 तारिक अंसारी व का जीतेश कुमार हेड कांस्टेबल मुंसीलाल कांस्टेबल सूरज सरोज थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 386ध्419ध्420 ध्323ध्504ध्506ध्552 भादवि मे वांछित अभियुक्त संदीप यादव पुत्र दशरथ यादव निवासी मलिकशाहपुर थाना सैदपुर जिला गाजीपुर को जो पीडिता तथा उनके पति को भरणपोषण न करने तथा मृत्यु के भय मे डालकर उनकी समस्त संपत्ति अनुमानित करीब 3 करोड को बेचवा कर रूपये हडप लिया तथा पीड़िता को संपत्तिविहीन कर निराश्रय छोड़ दिया जिसके कारण पीड़िता भीख मागने पर मजबूर हो गई को शुक्रवार को 1.30 बजे देवकठिया पुल से गिरफ्तार किया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

## महापुरुषों के विचारों को आधार बनाकर हो समाज निर्माण की पहल– प्रो0 मोहम्मद आरिफ



प्रखर कसया, कुशीनगर। संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर शांति–सद्भावना मंच कुशीनगर द्वारा नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सिसवा – महन्थ चौराहे पर हुई बैठक में संविधान की रक्षा और सामाजिक सद्भाव का संकल्प लिया गया। मंच के प्रदेश समन्वयक, गांधी वादी विचारक, इतिहासकार प्रो0 मोहम्मद आरिफ ने शांति सद्भावना मंच के सदस्यध्शांति दूतों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनावी वर्ष में लोग किसी के बहकावे में न आये और निर्भीक होकर अपना मतदान करें। एक ऐसी सरकार का चुनाव करे जो समतामूलक समाज का निर्माण तथा रोजगार का अवसर बढ़ाये। आज की सबसे बड़ी जरूरत है कि आपसी नफरत को खत्म कर सद्भाव कायम किया जाए। मंच इस क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। हमारा देश साझी विरासत और विविधता का है। हमें गुरु गोरखनाथ, बुद्ध, कबीर, रैदास, नानक, गांधी, अंबेडकर और नेहरू के विचारों को आधार बनाकर समाज निर्माण करने की पहल करनी चाहिए। आजादी के आंदोलन के दौरान समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के जो सिद्धांत विकसित हुए और उन्हें कालांतर में संविधान की उद्देशिका में शामिल किया गया उसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। लोकतंत्र संविधान की आत्मा है और धर्मनिरपेक्षता इसकी प्राणवायु। हमें हर हाल में इसे बचाये रखना होगा। महात्मा बुद्ध की धरती ने पूरी दुनिया को शांति – अहिंसा का संदेश दिया। आज विश्व नफरत और हिंसा के मुहाने पर खड़ा है। गाँधीजी ने सत्य – अहिंसा का इस्तेमाल कर विश्व की तत्कालीन सबसे बड़ी ताकत को नतमस्तक होने पर विवश किया था। आज हिंसक हो रहे समाज में शांति स्थापित करने के लिए उसी अहिंसा के अमोघ अस्त्र की जरूरत है। हम सब को मिलकर एक बेहतर समाज निर्माण के लिए प्रयास करना होगा तभी समाज का कल्याण होगा। इस दौरान संजय कुमार सिंह, शौकत अंसारी, जयराम सिंह, रामप्रीत सिंह, महेश पासवान, उमेश कुशवाहा, वशिष्ट यादव, वीरेंद्र यादव, हृदया नन्द शर्मा, रामानंद प्रसाद, सत्य प्रकाश त्यागी, मन मोहन गोंड, अजय कुमार सिंह, इम्तियाज अंसारी, राम नक्षत्र यादव, राम छबीला शर्मा, बलिकरन यादव आदि मौजूद रहे।

# श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आयोजित हुआ श्रीतुलसी और भगवान शालिग्राम का अद्भुत विवाह समारोह– वीतरागी बाल ब्रहमचारी संत बने थे घराती बराती, वर को सुना रहे थे गाली– जर्मन भक्त ने चढ़ाई तुलसी जी को हल्दी



**संजय पांडेय**

प्रखार वाराणसी। श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शुक्रवार शाम श्रीतुलसी – शालिग्राम भगवान का अद्भुत विवाह समारोह आयोजित हुआ। अद्भुत इसलिए कि आजीवन बाल ब्रह्मचारी संतगण और पीठाधीश्वर घराती और बाराती बने थे, कन्यादान कर रहे थे, सखी बनकर वधू श्रीतुलसी जी को हल्दी लगा रहे थे, विवाह गीत गा रहे थे, वर श्रीशालिग्राम भगवान को गालियां सुना रहे थे। कोई वधू के भाई बनकर वधू की मां बने संत को ईमली घोंटा रहे थे तो कोई पंडित बन वैदिक मंत्रोच्चार कर विवाह के विभिन्न चरणों को संपन्न करा रहे थे। यह कौतुक देख मंद मंद मुस्कुरा रहे परम वीतरागी परिव्राजक संत श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज संतों को उत्साहित कर समारोह के आनंद में वृद्धि का प्रयत्न कर रहे थे। श्रद्धालु दीर्घा में मौजूद हजारों आबाल वृद्ध भक्तगण महिलाएं, पुरुष, बालक, बालिकाएं सभी आनंद विभोर होकर संतों द्वारा विवाह की विभिन्न विधियों में गाए जा रहे पूर्वांचल के सुमधुर विवाह गीतों और गालियों को आनंद में झूम झूम कर गा रहे थे, ढ़ोल, मंजीरे, झाल और शंख बजा रहे थे।भूतभावन भगवान शिवशंकर की पावन नगरी काशी में पतितपावनी मां गंगा के तट पर अवर्णनीय दृश्य उपस्थित था। जैसे हीं वर श्रीशालिग्राम भगवान की डोली लेकर गिरीश मिश्र जी के नेतृत्व में बारातियों का दल बैंड बाजों के साथ नाचते गाते आतिशबाजी उड़ाते विवाह मंच के निकट पहुंचा, पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के नेतृत्व में जगद्गुरू शिवपूजन शास्त्री, अयोध्या नाथ स्वामी, बैकुण्ठनाथ स्वामी, मुक्तिनाथ स्वामी आदि संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जगद्गुरू मारुतिकिंकर जी, पुण्डरीक शास्त्री जी, ललन जी, चंद्रकांत जी, विनोद जी आदि संत पीठाधीश्वर पूर्वांचल का प्रसिद्ध गीत गा उठे– ष्आपन खोरिया बहार हो जीयर स्वामी जी आवतारे दुलहा दमादष्। फिर ष्फुलवा के माल हम प्रेम से सजवलींष और ष्दुअरे पर बाजेला बाजा, अइले वैकुण्ठ के राजाष आदि मधुर गीतों से वर और बारात का स्वागत कर द्वारपूजा की रस्म की गयी। जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री अयोध्यानाथ स्वामी जी ने वधू का पिता बन वर के पांव पूजे ।फिर हल्दी, ईमली घोटाई, बरनेत की रस्में हुई और वैदिक मंत्रोच्चार और सखी बने संतों द्वारा प्रस्तुत गीतों के बीच भगवान शालिग्राम का श्रीतुलसी जी से विवाह संपन्न हुआ। जर्मनी से आए दार्शनिक एवं वैदिक शोधकर्ता जोखिम नुश्च ने तुलसी जी को हल्दी चढ़ाई। विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित अति सुंदर विवाह ममंडप में सिंदूर दान हुआ और संत अयोध्यानाथ स्वामी जी ने कन्यादान किया। संतों ने वधू का चुमावन किया।वातावरण करुणामय हो उठा जब विदायी की बेला आई। करुण गीतों के बीच हो रही तुलसी जी की विदायी के समय वीतरागी संतों की आंखे अश्रुधार बहाने लगी। श्रद्धालु दीर्घा में लोग, विशेषकर महिलाएं और बालिकाएं रोती और नवदंपत्ति के सुखी जीवन के लिए मंगल गीत गाती जाती थीं। बिहार के कैमूर जिले से आए श्रद्धालु शैलेन्द्र चौबे और रोहतास के रजनीकांत पाण्डेय और वाराणसी के पंडित जयप्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने ऐसा अद्भुत विवाह जीवन में नहीं देखा था, शरीर और आत्मा तृप्त हो गयी। सचमुच अवसि देखिए देखन जोगू।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 27 नवंबर से



प्रखर सन्तकबीरनगर। महुली कस्बे में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 27 नवंबर से 5 दिसंबर 2023 तक श्रीधाम अयोध्या जी से चलकर के आ रहे सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य श्री धरणीधर जी महाराज के मुखारविंद से नित्य सायं 4.00 बजे से रात्रि 7.00 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का श्रवण रस पान कराया जाएगा। आप सभी लोग सादर आमंत्रित हैं उक्त जानकारी बाबा राममिलन दास सेवा संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता अभिनाष मिश्र ने दी।

## स्वदेशी निर्मित पिस्टल के साथ अभियुक्त चढ़ा करंडा पुलिस के फंदे में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को करण्डा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मैनपुर गांव से गोशन्देपुर वाले रास्ते पर गांव के बाहर तिराहे पर 01अदद स्वदेशी निर्मित पिस्टल के साथ समय करीब शाम 7.30 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त निखिल सिंह पुत्र इन्द्रेश सिंह नि0ग्राम मैनपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर निवासी है जिसके ऊपर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना करण्डा, धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व = पाक्सो एक्ट थाना करण्डा जनपद गाजीपुर दर्ज है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना करण्डा, हेड कांस्टेबल रामप्रताप सिंह थाना करंडा, हेड कांस्टेबल रामप्रताप सिंह थाना करण्डा, कांस्टेबल आजाद हिन्द शामिल रहे।

## हरिबंशराय बच्चन स्मृति सम्मान से नवाजी जाएंगी कवियित्री शालिनी श्रीवास्तव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वावधान में महाकवि हरिवंश राय बच्चन जी की जयंती की पुर्व संध्या पर सायं 3बजे चन्दन नगर स्थित महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के चंदन नगर स्थित आवास पर विचार एवं काव्य गोष्ठी तथा सम्मान समारोह आयोजित है। इस अवसर पर जनपद की नवोदित कवियत्री शालिनी श्रीवास्तव जी को ष्हरिवंशराय बच्चन स्मृति सम्मान ष्से सम्मानित किया जाएगा। शालिनी जी पेशे से अध्यापक है और इनकी लिखी पुस्तक भावों के उपवन के लिए कई संस्थाओं से पुरस्कृत भी किया जा चुका है।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं